Visit Dwarkadheeshvastu.com For

FREE Vastu Consultancy, Music, Epics, Devotional Videos
Educational Books, Educational Videos, Wallpapers

****

All Music is also available in CD format. CD Cover can also be print with your Firm Name

****

We also provide this whole Music and Data in PENDRIVE and EXTERNAL HARD DISK.

Contact : Ankit Mishra (+91-8010381364, dwarkadheeshvastu@gmail.com)

HINDI VYAKARAN MALA

1st Class Book

प्रथम खंड- व्याकरण

अध्याय	पृष्ठ
1. भाषा (Language)	5
2. व्याकरण (Grammar)	10
3. वर्ण और वर्णमाला (Letters and Alphabet)	13
4. शब्द और वाक्य (Word and Sentence)	17
5. संज्ञा: नाम बताने वाले शब्द (Noun : Naming Words)	21
6. लिंग (नर-नारी) (Gender)	27
7. वचन (एक-अनेक) (Number)	31
8. सर्वनाम (Pronoun)	35
9. विशेषण: विशेषता बताने वाले शब्द (Adjective : Describing Words)	38
10. क्रिया: काम बताने वाले शब्द (Verb : Doing Words/Action Words)	40

द्वितीय खंड- व्यावाहारिक व्याकरण

11. विलोम शब्द या विपरीतार्थक (Antonyms)	43

तृतीय खंड- पत्र-प्रस्ताव माला

12. सुनो कहानी (Story Telling)	45
13. चित्र वर्णन (Picture Description)	47
14. रचनात्मक लेखन (Creative Writing)	48

1

भाषा

(Language)

प्रथम खंड- व्याकरण

हम सभी आपस में बातें करते हैं। आयर्न और मुस्कान भी बातें कर रहे हैं।

आपस की बातचीत को भाषा कहते हैं।

भाषा में हमारे अध्यापक हमसे प्रश्न पूछते हैं।

भाषा में ही हम उत्तर देते हैं।



भाषा में हम पढ़ते हैं।
भाषा में हम लिखते हैं।

हम अपने विचार किसी को बताते हैं। दूसरे लोग अपने विचार हमें बताते हैं। हम अपने विचार लिखकर अथवा बोलकर बताते हैं। यही भाषा या बोली है।

परिभाषा: जिस साधन से हम अपने मन के भाव या विचार दूसरों को अच्छी तरह समझा सकें या उनके विचार समझ सकें उसे **भाषा** कहते हैं।

भाषा विचार व्यक्त करने का माध्यम है।

ऊपर के चित्र में भाषा को बोलकर व्यक्त किया जा रहा है।

नीचे के चित्र में भाषा को लिखकर व्यक्त किया जा रहा है।



सामने के चित्र में जैसे चिड़िया के दो पंख दिखाए गए हैं; उसी प्रकार भाषा के भी दो रूप हैं– 1. मौखिक भाषा 2. लिखित भाषा

1. मौखिक भाषा ⇒ बोलकर

2. लिखित भाषा ⇒ लिखकर

स्मरणीय तथ्य

- विचार व्यक्त करने के माध्यम को भाषा कहते हैं।
- भाषा के दो रूप होते हैं– 1. मौखिक भाषा 2. लिखित भाषा

क्या सीखा?

1. ये बच्चे क्या-क्या कर रहे हैं? चित्र और उसके कार्य का रेखा खींचकर मिलान कीजिए।

बोलना

सुनना

लिखना

पढ़ना



2. चित्र देखकर भाषा का रूप लिखिए–

(i) _____ (ii) _____

3. सही उत्तर के सामने (✓) का चिह्न लगाइए–

क. क्या आपने सूरज देखा है?

हाँ ☐ नहीं ☐

ख. क्या आपको लिखना आता है?

नहीं ☐ हाँ ☐

ग. क्या आपकी भाषा हिंदी है?

नहीं ☐ हाँ ☐

घ. भाषा के कितने रूप होते हैं?

एक ☐ दो ☐

2

व्याकरण

(Grammar)

हमारा देश भारत है। इस देश में बहुत-सी भाषाएँ बोली जाती हैं। विभिन्न प्रदेशों की भाषाएँ अलग-अलग हैं; जैसे–

प्रदेश		भाषा
कश्मीर	–	डोगरी
पंजाब	–	पंजाबी
राजस्थान	–	राजस्थानी
उड़ीसा	–	उड़िया
बंगाल	–	बांग्ला
गुजरात	–	गुजराती

केरल – मलयालम

तमिलनाडु – तमिल

उत्तर प्रदेश – हिन्दी, उर्दू

हर भाषा को बोलने के लिए कुछ नियम होते हैं। इन नियमों को बताने वाला शास्त्र व्याकरण कहलाता है।

भाषा की शुद्धता के लिए व्याकरण का ज्ञान आवश्यक है।

परिभाषा: जिस विद्या और शास्त्र से हमें किसी भाषा के शुद्ध लिखने, पढ़ने और बोलने का ज्ञान होता है उसे **व्याकरण** कहते हैं।

स्मरणीय तथ्य

- हर भाषा को शुद्ध बोलने व लिखने के लिए व्याकरण का ज्ञान आवश्यक है।
- व्याकरण वह शास्त्र है जिसमें हमें भाषा के नियमों की जानकारी मिलती है।
- भाषा की शुद्धता आवश्यक है।

क्या सीखा?

1. सही उत्तर के सामने (✓) का चिह्न लगाइए–

क. विभिन्न प्रदेशों की भाषाएँ अलग-अलग हैं–

नहीं ☐ हाँ ☐

ख. भाषा को शुद्ध बोलने व लिखने के लिए व्याकरण का ज्ञान आवश्यक है–

हाँ ☐ नहीं ☐

ग. भाषा की शुद्धता आवश्यक है–

नहीं ☐ हाँ ☐

2. रेखा खींचकर प्रदेश के साथ उसकी भाषा का मिलान कीजिए–

प्रदेश	भाषा	प्रदेश	भाषा
उत्तर प्रदेश	पंजाबी	राजस्थान	उड़िया
बंगाल	हिंदी	हरियाणा	तमिल
पंजाब	गुजराती	उड़ीसा	राजस्थानी
गुजरात	बांग्ला	तमिलनाडु	हरियाणवी

3. निम्न प्रदेशों की भाषा बताइए–

केरल _____ कश्मीर _____ तमिलनाडु _____

आसाम _____ मेघालय _____ महाराष्ट्र _____

4. इनकी भाषा कौन-सी है? लिखिए।

☐ ☐ ☐

3 वर्ण और वर्णमाला

(Letters and Alphabet)

जब हम कुछ बोलते हैं, तो हमारे मुँह से अलग-अलग ध्वनियाँ निकलती हैं; जैसे– क, अ, म्, ल्, अ। यदि इन ध्वनियों को जोड़ दिया जाए तो हमें 'कमल' वर्ण का बोध होता है।

'कमल' में ये ध्वनियाँ हैं–
कमल–क् + अ + म् + अ + ल् + अ

'माला' में ये ध्वनियाँ हैं–
म् + आ + ल् + आ

ध्वनि के लिखे रूप को वर्ण कहते हैं।

परिभाषा: भाषा की सबसे छोटी इकाई को **वर्ण** कहते हैं।

हिन्दी वर्णमाला में दो प्रकार के वर्ण हैं–

1. स्वर
2. व्यंजन

जब सभी वर्ण एक साथ मिलते हैं, तब वर्णमाला बनती है।

हिंदी वर्णमाला को निम्न भागों में बाँट सकते हैं–

स्वर

अ आ इ ई उ ऊ ऋ

ए ऐ ओ औ अं अः

स्वर ग्यारह (11) होते हैं।

विशेषः अं तथा अः स्वर नहीं होते।

व्यंजन

क	ख	ग	घ	ङ
च	छ	ज	झ	ञ
ट	ठ	ड	ढ	ण
त	थ	द	ध	न
प	फ	ब	भ	म

य र ल व

श ष स ह

ड़ ढ़

व्यंजन पैंतीस (35) होते हैं।

इनके अतिरिक्त हिंदी वर्णमाला में चार संयुक्त व्यंजन भी होते हैं–

संयुक्त व्यंजन

क्ष त्र ज्ञ श्र

ये चारों व्यंजन दो-दो वर्णों से मिलकर बनते हैं–

क् + ष = क्ष

त् + र = त्र

ज् + ञ = ज्ञ

श् + र = श्र

निम्न वर्ण न स्वर है और न ही व्यंजन इन्हें अयोगवाह कहते हैं।

अं अः

स्मरणीय तथ्य

- भाषा की सबसे छोटी इकाई वर्ण कहलाती है।
- हिंदी वर्णमाला में स्वर ग्यारह (11) हैं।
- हिंदी वर्णमाला में व्यंजन पैंतीस (35) हैं।
- क्ष, त्र, ज्ञ, श्र, संयुक्त व्यंजन हैं।
- अं तथा अः न स्वर हैं न व्यंजन; ये अयोगवाह कहलाते हैं।

क्या सीखा?

1. नीचे दी गई माला में वर्ण आपस में मिल गए हैं। अब इन्हें छाँटकर अलग-अलग मालाओं में सजाइए–





स्वर



व्यंजन

संयुक्त व्यंजन

अयोगवाह

4 शब्द और वाक्य

(Word and Sentence)

शब्द

दो या दो से अधिक वर्णों के मेल से शब्द बनता है। शब्द का कोई अर्थ होता है; जैसे– कलश, कलम, अदरक आदि।

क + ल + श = कलश

क + ल + म = कलम

अ + द + र + क = अदरक

म + ल + क = मलक

मलक का कोई अर्थ नहीं होता, अतः यह शब्द नहीं है।

इसी तरह **मकल, लकम** भी शब्द नहीं हैं।

परिभाषा: वर्णों के उस मेल को **शब्द** कहते हैं, जिसका कोई अर्थ हो।

वाक्य

जब हम बातचीत करते हैं, तो वाक्य बोलते हैं।

वाक्य शब्दों के मेल से बनते हैं। वाक्य का कोई अर्थ होता है।

वाक्य– साथर्क शब्दों का वह समूह जो अर्थ और भाव पूर्ण रूप से प्रकट करे, **वाक्य** कहलाता है।

घोड़ा दौड़ता है।

तोता डाल पर बैठा है।

अमर विद्यालय जाता है।

पलक पढ़ रही है।

यदि शब्दों के मेल का कोई अर्थ न हो, तो उसे वाक्य नहीं कहते; जैसे– महेश रमेश बुलाया।

स्मरणीय तथ्य

- दो अथवा दो से अधिक वर्णों के मेल से शब्द बनता है।
- शब्द बनाने के लिए वर्ण तथा मात्रा का क्रम उचित होना चाहिए।
- वाक्य शब्दों से बनते हैं। वाक्य से पूरी बात समझ में आती है।

शिक्षकों के लिए

बच्चों को बतलाएँ कि शब्द सार्थक और निरर्थक दो प्रकार के होते हैं।

बच्चों को समझाएँ कि सार्थक शब्दों का अर्थ होता है। निरर्थक शब्दों का अर्थ नहीं होता।

क्या सीखा?

1. चित्र देखकर शब्द पूरे कीजिए–

..... ता गु ..... ब ब ..... ग ..... ख ..... बू .....

2. चित्र देखकर खाली जगह में शब्द लिखिए–

क. क्यारी में _____ खिला।

ख. _____ काँव–काँव कर रहा था।

ग. _____ ने _____ पकड़ा।

3. नीचे दिए गए शब्दों से तीन सार्थक वाक्य बनाइए–

यह	मेज़	खाना			मीरा		
	है		रखा		खा	पुस्तक	
	मेरी						
है			रही	है			
		पर				सेब	

क. _____

ख. _____

ग. _____

4. चित्र देखकर वाक्य लिखिए–

5. शब्दों का क्रम ठीक करके वाक्य बनाइए–

क. डाल कौआ बैठा पेड़ है की पर

ख. को हैं बच्चे क्रिकेट शाम खेलते

ग. स्कूल जाता को सोनू नहीं है रविवार

5 संज्ञा: नाम बताने वाले शब्द

(Noun : Naming Words)

हम अपने आस-पास बहुत सी चीजें देखते हैं। इन सभी चीजों को उनके नाम से पहचाना जाता है। प्रत्येक व्यक्ति का, प्रत्येक स्थान का और प्रत्येक वस्तु का नाम होता है। इसे ही संज्ञा कहते हैं।

परिभाषा: जिन शब्दों से किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान, प्राणी तथा भाव का बोध होता है, वे शब्द **संज्ञा** कहलाते हैं। जैसे– मोहन, श्रीकृष्ण, गंगा, यमुना, दिल्ली, सोना, गेहूँ, दूध, मिठास, बचपन आदि।

मनुष्यों के नाम–

गुरु नानक

श्रीकृष्ण

लक्ष्मीबाई

महात्मा बुद्ध

प्राणियों के नाम–

लड़का

औरत

हिरन

आदमी

पशुओं के नाम–

ऊँट

शेर



हाथी

घोड़ा

पक्षियों के नाम–

तोता

मोर

हंस

कौआ

भवनों के नाम–



कमल मंदिर

ताजमहल



लाल किला

इंडिया गेट



मंदिर

गुरुद्वारा

गिरजाघर

मस्जिद

वस्तुओं के नाम–

टेलीफोन

जहाज

कार

टी.वी.

टमाटर

अंगूर

आम

बैंगन

भावों के नाम–

बचपन

जवानी

बुढ़ापा

खुशी

दुख

श्रम

नाम को संज्ञा कहते हैं। नीचे कुछ और संज्ञा शब्दों के नाम दिए गए हैं।

नदियों के नामः गंगा, यमुना, कृष्णा, कावेरी।

पहाड़ों के नामः हिमालय, विंध्याचल, नंदा देवी, मांउट एवरेस्ट।

पुस्तकों के नामः रामचरितमानस, बाइबिल, कुरान शरीफ, गुरुग्रंथ साहिब।

देशों के नामः भारत, जापान, चीन, रूस, अमेरिका, इंग्लैंड।

राज्यों के नामः पंजाब, हरियाणा, गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र।

समुद्रों के नामः हिंद महासागर, प्रशांत महासागर, अरब सागर, लाल सागर।

दिनों के नामः सोमवार, मंगलवार, बुधवार, शनिवार, रविवार।

महीनों के नामः जनवरी, फरवरी, मार्च, अप्रैल।

शहरों/ गाँवो के नामः जयपुर, लुधियाना, अमृतसर, चंडीगढ़, सोनीपत, रेवाड़ी, राई, खेवड़ा, महिपालपुर, नरेला।

सड़कों के नामः भगत सिंह मार्ग, राजपथ, नेताजी मार्ग, विजय पथ, महात्मा गाँधी मार्ग, शेरशाह सूरी मार्ग।

स्मरणीय तथ्य

- वस्तु, स्थान, प्राणी, व्यक्ति और भाव के नाम संज्ञा कहलाते हैं।
- संज्ञा को व्यक्ति, स्थान, वस्तु, प्राणी, जाति आदि के रूप में कहीं भी देखा जा सकता है।

क्या सीखा?

1. नीचे चित्रों में दी गई संज्ञाओं (वस्तुओं, प्राणियों) आदि को पहचान कर उनके नाम लिखिए–



_____

_____

_____

_____

_____

_____

_____

_____

_____

2. संज्ञा शब्दों की सहायता से रिक्त स्थान भरिए–

क. मेरा नाम _____ है।

ख. मेरे पिताजी का नाम _____ है।

ग. मेरी माताजी का नाम _____ है।

घ. मेरे देश का नाम _____ है।

ङ. मेरे स्कूल का नाम _____ है।

च. मेरे शहर का नाम _____ है।

छ. मेरे सबसे अच्छे मित्र का नाम _____ है।

3. निम्न वर्ग पहेली में संज्ञा शब्द ढूँढ़िए–



ट	मा	ट	र	छा
ज	आ	क	ख	ता
हा	अ	म	त	औ
ज	ना	ल	न	र
छा	र	ध	थ	त

6 लिंग (नर-नारी)

(Gender)

मोहन खाना खा रहा है।

मुस्कान पुस्तक पढ़ रही है।



गाय घास खा रही है।



घोड़ा दौड़ रहा है।

मोहन और घोड़ा शब्द पुरुष जाति का बोध कराते हैं।

मुस्कान और गाय शब्द स्त्री जाति का बोध कराते हैं।

परिभाषा: शब्द का वह रूप जिससे उसके पुरुष अथवा स्त्री जाति के होने का बोध होता है, उसे **लिंग** कहते हैं।

लिंग के प्रकार:

लिंग दो प्रकार के होते हैं– 1. पुल्लिंग 2. स्त्रीलिंग

1. पुल्लिंग– जिन शब्दों से पुरुष जाति का बोध होता है, वे पुल्लिंग कहलाते हैं; जैसे–बैल, राजा, मोर आदि।

2. स्त्रीलिंग– जिन शब्दों से स्त्री जाति का बोध होता है, वे स्त्रीलिंग कहलाते हैं; जैसे–गाय, रानी, मोरनी आदि।

पुल्लिंग–

मोर

लड़का

राजा

मुर्गा

स्त्रीलिंग–

मोरनी

लड़की

रानी

मुर्गी

पुल्लिंग		स्त्रीलिंग
बेटा	–	बेटी
दादा	–	दादी
पिता	–	माता
पुत्र	–	पुत्री
माली	–	मालिन
पंडित	–	पंडिताइन
धोबी	–	धोबिन
ऊँट	–	ऊँटनी
शेर	–	शेरनी
मामा	–	मामी

पुल्लिंग		स्त्रीलिंग
छात्र	–	छात्रा
मुर्गा	–	मुर्गी
बकरा	–	बकरी
लड़का	–	लड़की
बूढ़ा	–	बुढ़िया
गुड्डा	–	गुड़िया
वर	–	वधू
भाई	–	बहन
घोड़ा	–	घोड़ी
दास	–	दासी

स्मरणीय तथ्य

- शब्द का वह रूप जो पुरुष अथवा स्त्री जाति का बोध कराता है, लिंग कहलाता है।
- पुरुष जाति का बोध कराने वाले शब्द पुल्लिंग कहलाते हैं।
- स्त्री जाति का बोध कराने वाले शब्द स्त्रीलिंग कहलाते हैं।

क्या सीखा?

1. चित्रों को देखकर उनके लिंग बदलकर लिखिए–

_____ _____ _____



2. सही मेल मिलाइए–

बूढ़ा	मुर्गी
मुर्गा	लड़की
लड़का	मोरनी
मोर	बुढ़िया

7 वचन (एक-अनेक)

(Number)

तितली

तितलियाँ

लड़की

लड़कियाँ

जूता

जूते

पतंग



पतंगें

परिभाषा: शब्द के जिस रूप से उसके एक अथवा अनेक होने का बोध हो, उसे **वचन** कहते हैं।

वचन के प्रकार

वचन दो प्रकार के होते हैं– 1. एकवचन 2. बहुवचन

1. एकवचन– शब्द के जिस रूप से उसके एक होने का बोध हो उसे एकवचन कहते हैं; जैसे– तोता, पुस्तक आदि।

2. बहुवचन– शब्द के जिस रूप से उसके एक से अधिक होने का बोध हो उसे बहुवचन कहते हैं; जैसे– तोते, पुस्तकें आदि।

वचन परिवर्तन– एकवचन से बहुवचन इस प्रकार बनाएँ–

एकवचन	बहुवचन	एकवचन	बहुवचन
तोता	तोते	लोटा	लोटे
रोटी	रोटियाँ	कापी	कापियाँ
पुस्तक	पुस्तकें	बस	बसें
पैंसिल	पैंसिलें	चूहा	चूहे
रात	रातें	बात	बातें

स्मरणीय तथ्य

- शब्द के जिस रूप से उसके एक या एक से अधिक होने का बोध हो उसे वचन कहते हैं।
- शब्द के जिस रूप से उसके एक होने का बोध हो उसे एकवचन कहते हैं।
- शब्द के जिस रूप से उसके एक से अधिक होने का बोध हो उसे बहुवचन कहते हैं।

क्या सीखा?

1. रेखा खींचकर एक को अनेक से मिलाइए–

एक	अनेक	एक	अनेक
छाता	पत्ते	चूहा	कापियाँ
पुस्तक	छाते	लोटा	बातें
पत्ता	मुर्गियाँ	बात	चूहे
मुर्गी	पुस्तकें	कापी	लोटे

2. बहुवचन लिखिए–

नदी	_____	पंखा	_____
लड़का	_____	मटका	_____
थैला	_____	कुर्सी	_____
केला	_____	पौधा	_____
घोड़ा	_____	अंडा	_____
चूहा	_____	गुब्बारा	_____

3. गिनकर एक-अनेक लिखो–

_____

_____

_____

_____

4. कुछ एक और अनेक शब्द आपस में मिल गए है अलग-अलग लिखिए-

एक		अनेक
_____		_____
	बच्चे	
	मेज	
_____		_____
	कुर्सी	
	घड़ी	
_____	नावें	_____
	तितली	
	लड़का	
_____		_____
	साड़ियाँ	
	तारा	
_____	सड़क	_____
	कॉपी	
	घोड़े	
_____		_____
	घड़ियाँ	
	कमरे	
_____		_____

8

सर्वनाम

(Pronoun)

बच्चो! नीचे लिखे वाक्यों को पढ़ो–

परिधि एक अच्छी लड़की है।

परिधि प्रथम कक्षा में पढ़ती है।

परिधि का विद्यालय बहुत अच्छा है।

परिधि अपनी कक्षा में प्रथम आती है।

परिधि को पुरस्कार मिला है।

....अरे ! यह क्या ! हर जगह परिधि ही परिधि। बार-बार एक ही शब्द का प्रयोग अच्छा नहीं लगता।

चलो इन वाक्यों को इस प्रकार लिखते हैं–

परिधि एक अच्छी लड़की है।

वह प्रथम कक्षा में पढ़ती है।

उसका विद्यालय बहुत अच्छा है।

वह अपनी कक्षा में प्रथम आती है।

उसे पुरस्कार मिला है।

परिधि शब्द के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्द– वह, उसका, उसे आदि सर्वनाम कहलाते हैं।

परिभाषा: भाषा को सुंदर बनाने के लिए संज्ञा के स्थान पर जिन शब्दों का प्रयोग किया जाता है उन्हें **सर्वनाम** कहते हैं।

ये इस प्रकार हैं–

मैं	मैंने	मुझे	मुझसे	मुझको
हम	हमने	हमें	हमसे	हमको
तुम	तुमने	तुम्हें	तुमसे	तुमको
वह	उसने	उन्हें	उससे	उसको

स्मरणीय तथ्य

- संज्ञा के स्थान पर प्रयोग में आने वाले शब्द सर्वनाम कहलाते हैं।
- सर्वनाम के प्रयोग से वाक्य सुंदर हो जाता है।
- अपने लिए मैं, हम; सामने वाले के लिए तुम, आप; दूसरों के लिए वह, वे; पास वाले के लिए यह, ये; प्रश्न के लिए कौन शब्दों का प्रयोग होता है।
- बड़ों के लिए 'आप' शब्द का प्रयोग करते हैं।

क्या सीखा?

1. रेखा खींचकर उचित सर्वनाम शब्दों को मिलाइए–

मैं	उसे
आप	तुम्हें
हम	आपको
तुम	मुझे
वह	हमें

2. रिक्त स्थान में सही सर्वनाम भरिए–

क. _____ पढ़ रही हूँ। (मैं / हम)

ख. _____ क्या कर रहे हैं? (आप / वह)

ग. _____ खाना खा रहा है। (वह / वे)

घ. _____ मुझे पुस्तक दी। (उसने / मुझे)

ङ. _____ आया? (हम / कौन)

3. नीचे दिए गए वाक्यों में प्रथम वाक्य का उदाहरण देखकर सर्वनाम शब्द को रेखांकित कीजिए–

क. अजय तुम्हारा मित्र है।

ख. उसका भाई प्रथम कक्षा में पढ़ता है।

ग. मुझे पाठ याद करना है।

घ. मैं कल रोहतक गया था।

ङ. रवि ने मेरी पुस्तक लौटा दी है।

9 विशेषण: विशेषता बताने वाले शब्द

(Adjective : Describing Words)



ऊपर के चित्र में–

वृक्ष की डाल पर काला कौआ बैठा है।

गुलाब का रंग लाल है।

घर छोटा है।

आम का पेड़ बड़ा है।

आम मीठा है।

इन वाक्यों में काला शब्द कौआ की, लाल शब्द गुलाब की, छोटा शब्द घर की, बड़ा शब्द पेड़ की व मीठा शब्द आम की विशेषता बता रहे हैं।

अत: विशेषता बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं।

परिभाषा: संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द **विशेषण** कहलाते हैं।

स्मरणीय तथ्य

☞ संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं।

क्या सीखा?

1. रिक्त स्थान भरो–

क. तोते का रंग _____ होता है।

ख. आइसक्रीम _____ होती है।

ग. टमाटर का रंग _____ होता है।

घ. हमारा घर _____ है।

2. निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण शब्द छाँटिए:

क. गुलाब का फूल सुन्दर है। _____

ख. पानी बहुत गर्म है। _____

ग. मोटा व्यक्ति दौड़ नहीं सकता। _____

घ. मेरा नीला कोट कहाँ है? _____

ङ. आकाश में काले बादल छा गए हैं। _____

च. सरिता के पास काला फ्रॉक नहीं है। _____

छ. सोने का रंग पीला होता है। _____

3. रेखा खींचकर सही मिलान कीजिए–



बूढ़ा
बड़ा
सुन्दर
लाल

10 क्रिया: काम बताने वाले शब्द

(Verb : Doing Words/Action Words)



ऊपर दिए गए चित्रों में आप देख रहे हैं–

1. कविता सो रही है।
2. आयर्न पढ़ रहा है।
3. शुभांगी टी.वी. देख रही है।
4. बच्चे कैरम खेल रहे हैं।

उपरोक्त वाक्यों में सो रही है (सोना); पढ़ रहा है (पढ़ना); देख रही है (देखना); खेल रहे हैं (खेलना) सोना, पढ़ना, देखना, खेलना वे काम हैं जो किए जा रहे हैं।

काम करने वाले शब्दो को ही क्रिया कहते हैं।

अत: सोना, पढ़ना, देखना तथा खेलना क्रिया शब्द हैं।

परिभाषा: जिन शब्दों से काम के होने का बोध होता है, उन्हें **क्रिया** कहते हैं।

स्मरणीय तथ्य

☞ जिन शब्दों से काम के होने का बोध होता है, उन्हें क्रिया कहते हैं।

क्या सीखा?

1. चित्र देखकर हो रही क्रिया लिखें–

_____

_____

_____

_____

_____

_____

2. रिक्त स्थान में उचित क्रिया शब्द भरो–

क. आकाश फुटबॉल के साथ _____ रहा है।

ख. पक्षी _____ रहे हैं।

ग. दीपक पुस्तक _____ रहा है।

घ. माँ खाना _____ रही है।

ङ. कविता झूला _____ रही है।

3. कौन क्या करता है? नीचे दिए गए शब्दों को चित्रों के नीचे ठीक-ठीक लिखिए–

हिनहिनाता चिंघाड़ता रँभाती रेंकता दहाड़ता भौंकता

कुत्ता _____ है।



गधा _____ है।



घोड़ा _____ है।



शेर _____ है।



हाथी _____ है।



गाय _____ है।

11 विलोम शब्द या विपरीतार्थक

(Antonyms)

मोटा आदमी

पतला लड़का

अमीर राजा

गरीब भिखारी

छोटा खरगोश



बड़ा हाथी

चित्रों के नीचे लिखे रंगीन शब्द एक-दूसरे का उलटा (विपरीत) अर्थ बता रहे हैं; अत: ये विलोम (विपरीतार्थक) शब्द हैं। जैसे– मोटा-पतला, अमीर-गरीब, छोटा-बड़ा आदि।

परिभाषा: जो शब्द एक-दूसरे शब्द का विपरीत अर्थ बताते हैं, उन्हें **विपरीतार्थक** या **विलोम शब्द** कहते हैं।

शब्द	विपरीतार्थक	शब्द	विपरीतार्थक
हँसना	रोना	ठंडा	गरम
अच्छा	बुरा	आना	जाना
ऊपर	नीचे	अंदर	बाहर
प्रश्न	उत्तर	सच	झूठ
आज	कल	कड़वा	मीठा
दिन	रात	सुबह	शाम
सरदी	गरमी	लेना	देना
बुराई	भलाई	ऊँचा	नीचा
आगे	पीछे	दुख	सुख

स्मरणीय तथ्य

☞ एक-दूसरे शब्द का उल्टा (विपरीत) अर्थ बताने वाले शब्द विलोम शब्द या विपरीतार्थक कहलाते हैं।

क्या सीखा?

1. रिक्त स्थान में रंगीन शब्द का विलोम शब्द लिखिए–

क. बर्फ ठंडी, चाय _____ ।

ख. कुत्ता _____ , तितली छोटी।

ग. कौआ काला, हंस _____ ।

घ. चूहा _____ , बिल्ली पीछे।

12

सुनो कहानी

(Story Telling)

बच्चो ! कहानी सुनना-सुनाना सभी को अच्छा लगता है। कहानी हमारा मनोरंजन करती है। जो कहानी जितनी रोचक होती है, वह उतनी ही अच्छी लगती है। कहानी से हमें शिक्षा भी मिलती है। यहाँ कुछ कहानियाँ दी जा रही हैं। इन्हें पढ़कर शिक्षा ग्रहण कीजिए।

1. अच्छा लड़का

एक था। उसका नाम था मनोज। वह गरीब था। एक दिन वह पैदल जा रहा था। उसने देखा पर एक पड़ा था। पर्स में बहुत-से थे।

पहले तो उसने सोचा, ये छिपाकर रख लूँ। फिर उसे माँ की सीख याद आई - बेटा, चोरी कभी नहीं करनी चाहिए, चोरी करना बुरी बात है।

मनोज ने अपने में रख लिया। फिर वह चुपचाप की ओर चल दिया।

में उसने अपने अध्यापक को दे दिया। मनोज की ईमानदारी देखकर अध्यापक बहुत खुश हुए।

उन्होंने बच्चों से कहा- मनोज अच्छा है। सब इसकी तरह ईमानदार बनो। चोरी कभी मत करो।

शिक्षा: चोरी करना बुरी बात है।

2. छोटी लड़की

एक छोटी लड़की थी–सीमा। सीमा छोटी थी, पर बड़ी समझदार थी। एक दिन उसकी मम्मी को बाहर जाना था। मम्मी ने उसे समझाया – "बेटा ! दरवाजा अंदर से बंद कर लेना। कोई आए, तो मत खोलना।"

मम्मी चली गई। सीमा ने दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। फिर वह खेलने लगी। तभी बाहर खट-खट हुई। सीमा ने दरवाजे की जाली से झाँककर देखा। बाहर एक आदमी खड़ा था। वह बोला-"बेटा ! मैं आपका अंकल हूँ। आपके लिए टॉफी लाया हूँ।"

सीमा बोली-"नहीं, मुझे टॉफी नहीं लेनी, आप जाओ। बाद में आना।"

वह आदमी बोला-"आप दरवाजा तो खोलो।"

सीमा ने कहा-"नहीं, मैं दरवाजा नहीं खोलूँगी। आप जाओ।"

वह आदमी चला गया। जब मम्मी आई, तो सीमा ने सारी बात मम्मी को बताई। मम्मी ने कहा-"आपने ठीक किया। आप समझदार लड़की हो।"

शिक्षा: हमें अनजान व्यक्तियों से कुछ भी नहीं लेना चाहिए।

13

चित्र वर्णन

(Picture Description)

प्रत्येक चित्र के बारे में चार-चार वाक्य लिखिए–

1. शेर और चूहा





14

रचनात्मक लेखन

(Creative Writing)

मेरा विद्यालय

यह मेरा विद्यालय है।

इसका नाम _____ है।

मेरा विद्यालय बहुत सुंदर है।

इसमें कई कमरे हैं।

मेरे विद्यालय में लगभग 450 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करते हैं।

मेरे विद्यालय में बीस प्रशिक्षित अध्यापक हैं।

विद्यालय के आँगन में कई तरह के पेड़-पौधे हैं।

विद्यालय में पीने के ठंडे पानी की व्यवस्था है।

विद्यालय के पीछे खेल का एक बड़ा मैदान है।

खेल के मैदान में हम खेलते हैं।

मेरे विद्यालय का परीक्षा परिणाम सदैव शत-प्रतिशत रहता है।

मुझे अपने विद्यालय पर गर्व है।